**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–13.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दो दिवसीय झारखंड दौरे को लेकर रांची में ट्रैफिक व्यवस्था बदली गई है। कल सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक छोटे मालवाहक वाहन भी नहीं चलेंगे। मैट्रिक परीक्षार्थियों और हवाई यात्रियों के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने यह आदेश जारी किया है।

********************

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में नया आयकर विधेयक–2025 पेश किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही दस मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। उधर, राज्यसभा की कार्यवाही जारी है।

********************

जम्मू में शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का आज उनके पैतृक जिला हजारीबाग में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। स्थानीय लोगों ने उनके सम्मान में नारे लगाकर और पुष्प वर्षा कर उन्हें अंतिम विदाई दी। उनकी अंतिम यात्रा में उपायुक्त नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

********************

रांची में भाजपा ने राज्य सरकार पर एकलव्य प्रशिक्षण योजना और मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। एक संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि 2023 में निकाले गए टेंडर के बावजूद 35 हजार बच्चों को मुफ्त कोचिंग और आर्थिक सहायता नहीं मिली। उन्होंने आगामी बजट सत्र में इन योजनाओं के लिए बजट प्रावधान की मांग की है।

********************

रांची में अखिल भारतीय बांग्ला भाषी समन्वय परिषद ने जनप्रतिनिधियों के आपत्तिजनक बयान के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने भाजपा विधायक अमित यादव और सांसद ढुल्लू महतो के बयानों पर आपत्ति जताई। कार्यकारी अध्यक्ष अभिजीत दत्ता गुप्ता ने कहा कि ऐसे बयान समाज में विभाजन पैदा करते हैं। परिषद ने इस मुद्दे पर राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने की बात कही।

********************

राज्य सरकार ने कल शब–ए–बारात पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। कार्मिक, प्रशासनिक और राजभाषा विभाग की ओर से इस सिलसिले में आदेश जारी कर दिया गया है। यह अवकाश कार्यपालक आदेश के तहत दिया गया है।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित सारंडा और पोड़ाहाट जंगल के इलाकों में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान से लौट रहे सुरक्षा बलों का एक वाहन के लोंजो घाटी के पास पलट जाने से सात जवान घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि घायल जवानों को रेलवे अस्पताल चक्रधरपुर में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। एसपी ने बताया कि उनके बेहतर इलाज की व्यवस्था की जा रही है।

********************

रामगढ़ जिला परिवहन पदाधिकारी ने जिले में संचालित विद्यालयों को स्कूल बसों का फिटनेस और आवश्यक कागजात अविलंब दुरुस्त कराने का निर्देश दिया है। और जानकारी दे रहे हैं ।

********************

सरायकेला–खरसावां के हाता–चाईबासा एनएच 220 पर रुंगटा स्टील प्लांट गेट के पास एक युवक का शव बरामद हुआ। छत्तीस वर्षीय किरीबुरु निवासी अशोक कंडुलना को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटनाग्रस्त हाइवा के पास शव मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की।

******